गड़बड़ी : एसडीओ पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी सीधी के नियम विरुद्ध पदभार ग्रहण पर खड़े हो रहे सवाल?

शासन के नियुक्ति आदेश शर्तों का उल्लंघन कर तत्कालीन कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी रीवा ने अनापत्ति, अजांच एवं अमांग प्रमाण-पत्र बिना प्रस्तुत किये दे दिया था एसडीओ का प्रभार

नवभारत फाओअप

सीधी 2 अगस्त। एसडीओ पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी सीधी के नियम विरुद्ध पदभार ग्रहण पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शासन के नियुक्ति आदेश शर्तों का उल्लंघन कर तत्कालीन कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी रीवा ने अनापत्ति, अजांच एवं अमांग प्रमाण-पत्र बिना प्रस्तुत किये एसडीओ का प्रभार दे दिया था।

...शासन के नियुक्ति आदेश शर्तों का पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी विभाग ने किया उल्लघंन?

शासन के नियुक्ति आदेश शर्तों के विपरीत बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा कराये कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी संभाग रीवा ने पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी विभाग में दो वर्ष की परिवीक्षा में नवनियुक्त एसडीओ को कर दिया कार्यभार ग्रहण

नवभारत न्यूज
सीधी 27 जून। शासन के नियुक्ति दिश शर्तों के विपरीत बिना सचिव प्रमाण पत्र जमा कराये कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी संभाग रीवा ने पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी सीधी में दो वर्ष की परिवीक्षा में नवनियुक्त एसडीओ को विभाग ग्रहण करा दिया। पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी विभाग ने शासन के नियुक्ति आदेश शर्तों इस मामले में संज्ञान लिया है।

दरअसल मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा दिनांक 29 नवम्बर 2024 को आदेश जारी कर म.प्र. लोक सेवा आयोग इंदौर म.प्र. की अनुशंसा अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को म.प्र. लोक निर्माण विभाग अभियांत्रिकीय सेवा में सहायक यंत्री (विद्युत यांत्रिकी) के पद पर पदस्थापना की गई थी। इसी के तहत सुश्री नीलम कुशवाहा को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) उपसंभाग सीधी में पदस्थ किया गया। यदि यहां विभागीय सूत्रों की बात सही मानी जाय तो भोपाल के ही एक उच्च अधिकारी के दबाव में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (विद्युत/यांत्रिकी) संभाग रीवा द्वारा सुश्री नीलम कुशवाहा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) उपसंभाग सीधी के पद पर अनापत्ति प्रमात्र, अजांच प्रमाण पत्र, अमांग प्रमाण पत्र शासन को प्रस्तुत किये बिना कार्यभार ग्रहण करा दिया गया।

उनकी ज्वाइनिंग महीनो होने को है इसके बाद भी सुश्री नीलम कुशवाहा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) उपसंभाग सीधी में पदभार ग्रहण करने के बाद भी अनापत्ति प्रमात्र, अजांच प्रमाण पत्र, अमांग प्रमाण पत्र शासन को प्रस्तुत नहीं किया गया। सूत्रों की बात मानी जाय तो सुश्री नीलम कुशवाहा एमपीपीएससी से चयनित होने से पूर्व पॉलिटेक्निक कॉलेज महोबा, उ.प्र. में दो वर्षों तक कार्यरत थीं। अब उनके द्वारा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) उपसंभाग सीधी में पदभार ग्रहण करने के बाद भी अनापत्ति प्रमात्र, अजांच प्रमाण पत्र, अमांग प्रमाण पत्र शासन को प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर कई तरह की चर्चाएं विभागीय हल्कों में चल रहीं हैं। यदि उनके द्वारा संबंधित कागजात प्रस्तुत करने में विलम्ब किया जाता है तो उनकी नौकरी पर भी खतरा मड़राने लगेगा।

प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने ईई ने लिखा पत्र

लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग रीवा के कार्यपालन यंत्री इंजी हिनय कुमार श्रीवास्तव ने लोक विभाग (वि./यां.) उपसंभाग सीधी की सहायक यंत्री सुश्री नीलम कुशवाहा द्वारा अनापत्ति, अजांच/अमांग प्रमाण पत्र न प्रस्तुत करने पर पत्र क्रमांक/3412/स्था./2025-26 दिनांक 18 जून 25 को भेजकर निर्देशित किया है कि आप 7 दिवस के अंदर संबंधित प्रमाण पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, जिससे वेतन से संबंधित कार्यवाही की जा सके। विलम्ब के लिये आप स्वयं जवाबदार होंगी। सहायक यंत्री की उपस्थिति दिनांक 27 मार्च 2025 को प्रस्तुत की गई थी। ईई के पत्र के बाद भी सहायक यंत्री सुश्री नीलम कुशवाहा द्वारा वांछनीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये गये। उन्हें अंतिम बार 31 जुलाई 2025 तक की मोहलत दी गई थी। वह समयावधि भी व्यतीत हो चुकी है।

ईई के पत्र के बाद भी नहीं प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्र

लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग रीवा के कार्यपालन यंत्री इंजी.विनय कुमार श्रीवास्तव ने लोक विभाग (वि./यां.) उपसंभाग सीधी की सहायक यंत्री सुश्री नीलम कुशवाहा द्वारा अनापत्ति, अजांच/अमांग प्रमाण पत्र न प्रस्तुत करने पर पत्र क्रमांक/3412/स्था./2025-26 दिनांक 18 जून 25 को भेजकर निर्देशित किया है कि आप 7 दिवस के अंदर संबंधित प्रमाण पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, जिससे वेतन से संबंधित कार्यवाही की जा सके। विलम्ब के लिये आप स्वयं जवाबदार होंगी। सहायक यंत्री की उपस्थिति दिनांक 27 मार्च 2025 को प्रस्तुत की गई थी। ईई के पत्र के बाद भी सहायक यंत्री सुश्री नीलम कुशवाहा द्वारा वांछनीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये गये। उन्हें अंतिम बार 31 जुलाई 2025 तक की मोहलत दी गई थी। वह समयावधि भी व्यतीत हो चुकी है।

एसडीओ की कार्यप्रणाली पर भी खड़े हो रहे सवाल!

पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकीय सीधी की एसडीओ सुश्री नीलम कुशवाहा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शासन के नियुक्ति आदेश शर्तों के विपरीत बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा कराये तत्कालीन कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकीय संभाग रीवा ने मनमानी तौर पर उन्हें सीधी एसडीओ का दायित्व सौंप दिया था। सुश्री कुशवाहा द्वारा लगातार विभागीय अधिकारियों के पत्राचार के बाद भी अनापत्ति, अजांच एवं अमांग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। इसके चलते उनकी कार्यप्रणाली पर ही बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि आखिर क्या मजबूरी है कि विभागीय अधिकारियों के बार-बार मोहलत देने के बाद भी वह वांछनीय प्रमाण पत्र जमा करने में हीला-हवाली क्यों कर रही हैं। अवश्य ही इसमें कोई बड़ा राज है।

इनका कहना है

पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकीय सीधी की एसडीओ की नियुक्ति आदेश में सेवा शर्तों के उल्लंघन के मामले में वह जानकारी लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करायेंगे। अभी तत्संबंध में उनकी जानकारी में यह मामला नहीं था।

आर.पी.सिंह,
कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी
विद्युत यांत्रिकीय संभाग रीवा

देवेन्द्र सिंह दादू के नेतृत्व में भव्य पैदल कावड़ यात्रा का आयोजन कल

शिवपुर से बढ़ौरा धाम तक पैदल कावड़ यात्रा का आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 2 अगस्त। पवित्र श्रावण मास में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस जिला इकाई सीधी के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दादू के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में एक दिवसीय कावड़ यात्रा की शुरुआत शिवपुर (मरसरहा) ग्राम से बढ़ौरा धाम के लिए हो रही है।

उपरोक्त यात्रा संगीतमय माहौल में शिव भक्तों के साथ पैदल प्रारंभ होगी और सीधी शहर का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्गो से गुजरते हुए शिव धाम बढ़ौरा तक पहुंचेगी। चर्चा के दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू ने बताया कि यह यात्रा सुबह 6 बजे से ग्राम शिवपुर (मरसरहा), अमरपुर ग्राम से प्रारंभ होगी। यात्रा का रूट पहले से ही तय किया गया है जिसमे शिवपुर, अमरपुर बाजार, अटल चौक, करौंदी, गहनौआ मंदिर, खैरा मोड़ रजडिहा, कुचवाही, शिवपुरवा, उपनी, टर्री, जोगीपुर तोरण द्वार, डैनिहा, सम्राट चौक, गांधी चौक, लालता चौक, नया बस स्टैण्ड, जमोड़ी तोरण द्वार, सोनवर्षा टोल प्लाजा, बढ़ौरा तिराहा से होते हुए अंत में शिव धाम बढ़ौरा में समाप्त होगी। बढ़ौरा शिव धाम में भक्तों के लिए भंडारे एवं प्रसाद का आयोजन भी किया गया है। उक्त यात्रा में सभी शिवभक्तों के शामिल होने की अपील की गई है।

यह कावड़ यात्रा एकता परिचायक के रूप में शिव नगरी को प्रस्थान करेगी। हमारी संस्कृति विरासत को बचाने के लिए एवं युवाओं के अंदर भक्ति का वातावरण बन सके, उन्हें अपने संस्कृति के त्यौहारों के बारे में पता चल सके। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उक्त यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष आमजन के सहयोग से किया जाता है। चर्चा के दौरान देवेंद्र सिंह दादू ने उक्त यात्रा एवं भंडारे प्रसाद के लिए सभी से अपील की है कि वे यात्रा में शामिल हो एवं प्रसाद ग्रहण करें।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने किया गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

सेमरिया 2 अगस्त। म.प्र. शिक्षक संघ जिला सीधी के तत्वाधान में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा उच्च.माध्य. बम्हनी में अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय रामायण ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मीकांत शर्मा सेवानिवृत्त बीईओ सीधी, उपेन्द्र शुक्ला प्राचार्य संस्कृत उच्च. माध्य. विद्यालय बढ़ौरा, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय सेवानिवृत शिक्षक ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को पावनता प्रदान की। सेवानिवृत्त शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि धरती माता को हरा-भरा रखने हेतु वृक्षारोपण करना एवं उसकी देखभाल करना ही आज का सबसे बड़ा कर्तव्य है। मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत शर्मा ने गुरु की सर्वोच्चता पर उद्बोधन देते हुए कहा कि गुरु ही वह प्रकाश हैं जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर आत्मज्ञान की ओर ले जाते हैं। उन्होंने पौराणिक उदाहरणों से गुरु पद की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कार्यक्रम उपेन्द्र शुक्ला प्राचार्य द्वारा गुरु वंदन कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन के लिए म.प्र. शिक्षक संघ जिला सीधी के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों की प्रशंसा की एवं गुरु के महिमा पर सार गर्भित प्रकाश डाला गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में म.प्र. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय द्वारा कहा गया कि म.प्र. शिक्षक संघ इकलौता संगठन है जो केवल शिक्षकों की समस्या के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से कार्य करता है। गुरु वंदन कार्यक्रम पूरे भारत में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्देश पर मनाया जा रहा है।

किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

नवभारत न्यूज

कुसमी 2 अगस्त। प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त आज देश भर के किसानों के खाते में हस्तांतरित की गई। सेवा सहकारी समिति कुसमी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सैकड़ो की तादाद में मौजूद लोगों ने देखा।

उल्लेखनीय है कि सेवा सहकारी समिति कुसमी द्वारा उक्त कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के अवलोकन की व्यवस्था समिति कार्यालय प्रांगण में की गई थी। इस दौरान श्रीमती हीराबाई सिंह, बृजभूषण सेन, रामभद्र शुक्ला सचिव, मोतीलाल रजक शाखा प्रबंधक, दल प्रताप सिंह, मनीष तिवारी, राजकुमार, अरुण गुप्ता, बनवारी गुप्ता, चंद्रपाल, आशीष सिंह, राजेश सिंह और अन्य किसान बंधु सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विरोधियों ने शहरीय डीसी के प्रभारी जेई को हटाने रचा षड्यंत्र, फर्जी हस्ताक्षर कर दिया स्वयं के व्यय का आवेदन

नवभारत न्यूज

सीधी 2 अगस्त। विद्युत वितरण केन्द्र क्रमांक सीधी शहर क्रमांक 1 के प्रभारी जेई को हटाने विरोधियों ने बड़ा षडयंत्र रचते हुए फर्जी हस्ताक्षर कर स्वयं के व्यय का आवेदन भेज कर जिले से बाहर स्थानांतरण आदेश जारी करा दिया। स्थानांतरण आदेश मिलने पर प्रभारी जेई ने अधीक्षण यंत्री को पत्र लिखकर यथावत की मांग की है।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड जबलपुर के मुख्य महाप्रबंधक मासं एवं प्रशा. के आदेश क्रमांक 11343, दिनांक 22 जुलाई 2025 में शिव उजागर मिश्रा, परीक्षण सहायक वितरण केन्द्र सीधी शहर, सं/सं. संभाग सीधी को स्वयं के व्यय पर स्थानांतरित कर कार्यमुक्त करते हुए कार्यपालन अभियंता सं/सं संभाग मऊगंज के प्रशासनिक नियंत्रण में पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि शिव उजागर मिश्रा, परीक्षण सहायक का स्थानांतरण उनके स्वयं के अनुरोध पर किया गया है। अतः उन्हे यात्रा भत्ता/यात्रा अवकाश की पात्रता नहीं होगी। हैरत की बात तो यह है कि श्री मिश्रा ने कभी स्थानांतरण का आवेदन ही नहीं दिया है। ऐसे में फर्जी आवेदन की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। गौरतलब है कि वितरण केन्द्र सीधी शहर 01 में पदस्थ प्रभारी अधिकारी शिव उजागर मिश्रा के द्वारा पूरी लगन व निष्ठा के साथ गर्मी एवं बरसात में कठिन परिस्थितियों में अपने क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को समुचित रूप से बहाल रखा। उपभोक्ता सेवा में कोई कमी नहीं थी किन्तु कुछ स्वार्थी लोगों के द्वारा विभाग की मिलीभगत से इनका स्थानांतरण जिले से बाहर करवा दिया गया। ऐसे में सीधी शहर की विद्युत व्यवस्था फिर बदहाल हो जाएगी।

एक नजर में

मणिका संस्थान ने दी सराहनीय प्रस्तुतियां

सीधी। जनजातीय आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को रीवा में मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में जनजातीय आनंद उत्सव के समापन अवसर पर मणिका संगीत कला संस्थान द्वारा सराहनीय कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। जिसका आज सुंदर समापन बधाई एवं शुभकामनाओं के माध्यम से हुआ। पर्यटन विभाग भोपाल की एमडी विदिशा मुखर्जी ने मणिका संगीत संस्थान को सधन्यवाद शुभकामनाएं दीं। मणिका संगीत संस्थान की मणिका पाण्डेय एवं उनकी टीम ने डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला, एमडी विदिशा मुखर्जी, रीवा कमिश्नर बीएस जामोद, डीआईजी श्री सिंह सहित उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

किसान एकता महासंघ के जिलाध्यक्ष बने जयप्रकाश

सीधी। किसान एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रमेश कसाना ने किसान एकता महासंघ सीधी का जिला अध्यक्ष जयप्रकाश तिवारी पिता रामगोपाल तिवारी निवासी करगिल को नियुक्त किया है। जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि आप अपने क्षेत्र में किसानों की समस्याओं के लिये संघर्षरत रहते हुये किसान एकता महासंघ की लोकप्रियता किसानों में बनायें रखेंगे और पूरी ईमानदारी के साथ नि:स्वार्थ भाव से किसानों की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे। जय प्रकाश तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत किसान एकता महासंघ के सभी शीर्ष पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि वह किसानों के हितों में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

जिले में अब तक 852 .8 मिमी . हुई औसत वर्षा

सीधी। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 02 अगस्त को सीधी जिले में 7 .5 मिमी . औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 16 .6 मिमी ., चुरहट 12 .0, गोपद बनास में 3 .6, सिहावल में 3 .2, बहरी में 0 .0, मझौली में 9 .0 और कुसमी में 8 .0 मिमी . वर्षा हुई है। जिले में अब तक 852 .8 मिमी . औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 2 अगस्त तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 950 .6 मिमी . दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 695 .1 मिमी ., चुरहट में 727 .0, गोपद बनास में 840 .2, बहरी में 926 .3, मझौली में 938 .0 और कुसमी में 892 .5 मिमी . औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 435 .4 मिमी . औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 417 .4 मिमी . औसत वर्षा अधिक हुई है।

बिना काम किए मजदूरों के खाते में भेजा जा रहा है पैसा

नवभारत न्यूज

मड़वास 2 अगस्त। जिले के जनपद पंचायत मझौली के ग्राम पंचायत मझिगमा में सरपंच द्वारा मजदूरों को निशाना बनाते हुये बिना काम किए मजदूरों के खाते में पैसा भेजा जा रहा है।

सीधी जिले के मझौली जनपद के ग्राम पंचायत मझिगमा में सरपंच सुजय सिंह द्वारा मजदूरों के खाते में बिना काम किये ही पैसा डालने का मामला सामने आया है। मजदूरों ने बताया कि हमारे द्वारा ग्राम पंचायत में काम नहीं किया गया, ना हीं हमारे परिवार के लोगों ने किया। इसके बावजूद भी सरपंच हम लोगों के खाते में पैसा डलवाते हैं फिर उसको निकलवाने के लिए आते हैं। 200 रुपए हम लोग को देकर पूरा पैसा निकाल ले जाते हैं। ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम पंचायत मझिगमा में सरकारी बजट का डकारने का नया तरीका सरपंच द्वारा ढूढ़ा गया है। फर्जी तरीके से मस्टर रोल लगाकर पैसा मजदूरों के खाते में डाला जा रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से आंख बंद किये हैं। अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रहा हैं कि पंचायत में क्या हो रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि पंचायत मे फर्जीवाड़ा में कहीं अधिकारी भी तो सम्मिलित नहीं हैं। मजदूरों ने यह भी बताया कि 30-40 के खेत तालाब बनाए गए हैं, सभी खेत-तालाब जेसीबी मशीन से बने हैं। मजदूरों को कोई काम नहीं दिया गया। अभी केवल मनरेगा के काम में खुलासा हो रहा है। अभी तो पंच परमेश्वर मद से पीसीसी सड़क, पुलिया, बड़े तालाब बनाने के काम में भी भारी फर्जीवाड़ा किया गया है।

इनका कहना है



ग्राम पंचायत मझिगमा में सरपंच फर्जी तरीके से काम करवाते हैं फिर हम लोगों के खाते में पैसा डलवाते हैं फिर उस पैसे को निकालने के लिए हम लोगों से अंगूठा लगवा लेते हैं और 200 रुपये देकर चले जाते हैं

संजय नामदेव, मजदूर

हरियाली यात्रा और पौध वितरण का आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 2 अगस्त। म.प्र. जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन के आयोजकत्व में आठ दिवसीय नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत 1 अगस्त 2025 को सिहावल विकासखंड के बहरी सेक्टर अंतर्गत आदर्श ग्राम मौहरिया में हरियाली यात्रा एवं पौधा वितरण का कार्यक्रम शंभू प्रसाद पांडे सामाजिक कार्यकर्ता के मुख्य आतिथ्य एवं जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नवांकुर सखी द्वारा हरियाली यात्रा निकालने के साथ ही 1100 पौधों का वितरण मातृ शक्तियों को किया गया। अतिथियों द्वारा 11 पौधों का रोपण तालाब की मेढ़ में करने के उपरांत मातृ शक्तियों को प्रदान किए गए पौधों का संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई।

सफलता पाने के लिए जूनून का होना बहुत जरूरी : नीरज शर्मा

गणेश विद्यालय अमहा में वेलकम पार्टी की रही धूम, 11वीं के छात्र-छात्राओं का हुआ ग्रैंड वेलकम

नवभारत न्यूज

सीधी 2 अगस्त। श्री गणेश हायर सेकेण्डरी स्कूल अमहा में गुरूवार को नव-नामांकित 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के स्वागत में सीनियर छात्र-छात्राओं द्वारा एक भव्य वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी जूनियर और सीनियर छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे का परिचय प्राप्त किया।

नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने इस वेलकम पार्टी के द्वारा अपने विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं सीनियर छात्र-छात्राओं के साथ समन्वय एवं समायोजन सीखते हुए विद्यालय के गौरवशाली इतिहास के साथ-साथ वर्तमान नियम एवं व्यवस्था से भी परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक, भाषण और अन्य सांस्कृतिक तथा सामाजिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मंच पर प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत और उत्साही बना दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि रहे विद्यालय के संस्थापक एम.पी. शर्मा, विशिष्ट अतिथि निदेशक नीरज शर्मा, सहायक निदेशक अरुण ओझा और प्राचार्य जे.एन. मिश्र ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात् सीनियर्स छात्रों ने परंपरागत रूप से तिलक लगाकर नवागंतुक छात्रों का स्वागत किया तथा उन्हें सम्मानपूर्वक उपहार भेंट किए। तदोपरांत कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों की रंगारंग प्रस्तुतियां की गईं। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गायन, भाषण और नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर बच्चों की सहभागिता ने न सिर्फ समारोह को मनोरंजक बनाया बल्कि उनमें आत्मविश्वास व रचनात्मकता का संचार भी किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चेयरमैन एम.पी.शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के सार्वभौमिक विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी जरुरी है। निदेशक नीरज शर्मा ने सभी बच्चों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। श्री शर्मा ने कहा कि कोई भी काम असंभव नहीं है यदि इच्छा शक्ति हो तो मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सफलता पाने के लिए जूनून का होना जरूरी है, कल के काम को आज करने की फितरत बना लो। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य जे.एन.मिश्र ने कहा कि किसी भी विद्यालय की सफलता उसके छात्र-छात्राओं की सफलता पर निर्भर करती है। सफलता के मायने सबके लिए अलग-अलग होते है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को आशीर्वचन देते हुए अनुशासनए मेहनत और परस्पर सम्मान का महत्व समझाया। अतिथियों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कार्यक्रम को सफल बताया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने वाला रहा बल्कि विद्यालय की सांस्कृतिक परंपरा और मूल्य आधारित शिक्षा का सशक्त उदाहरण भी बनकर उभरा। समारोह का समापन शिक्षक सतीश तिवारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें इस आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रकाश श्रीवास्तव, ए.के.नवैत, ए.एस.भट्ट, विनायक पाण्डेय, सतीश तिवारी, सौरभ द्विवेदी, पुष्पराज मिश्र, प्रदीप मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, रामचरण मिश्र, जागृति मिश्रा एवं नीलम मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।